# जी-7 ने ईरान को चेताया, कहा-बंद कर दे हमला

## यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल ने की ऑनलाइन बैठक

**लंदन, 15 अप्रैल जी7 देशों के नेताओं ने रविवार को इज़राइल पर ईरान के भीषण हमले की निंदा की और संयम रखने का आह्वान किया. यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल ने ऑनलाइन बैठक के बाद एक्स पर लिखा, हमने सर्वसम्मति से इज़राइल के खिलाफ ईरान के हमले की निंदा की. हम तनाव कम करने की दिशा में काम करने के अपने सभी प्रयास जारी रखेंगे.**

गाजा में संकट को यथाशीघ्र समाप्त करने से, विशेष रूप से तत्काल युद्धविराम के माध्यम से, फर्क पड़ेगा. नेताओं ने इज़राइल के लिए अपना पूर्ण समर्थन की पेशकश करते हुए कहा कि वे आगे अस्थिर करने वाली पहल के जवाब में आगे कदम उठाने के लिए तैयार हैं.बैठक के बाद इतालवी जी 7 प्रेसीडेंसी द्वारा प्रकाशित एक वीडियों वाले बयान में कहा, हम हालात को स्थिर करने और आगे की स्थिति को बिगड़ने से




रोकने के लिए काम करना जारी रखेंगे. इस भावना में, हम मांग करते हैं कि ईरान और उसके प्रतिनिधि अपने हमले बंद कर दें, और हम आगे और अस्थिर करने वाली पहलों के जवाब में अब और कदम उठाने के लिए तैयार हैं. इस बीच, ईरान ने कट्टर दुश्मन इज़राइल के खिलाफ रातोंरात मिसाइलों और हमले वाले ड्रोनों की एक अभूतपूर्व लहर शुरू करने के बाद विश्व नेताओं ने संयम बरतने का आग्रह किया,

### सैन्य प्रतिक्रिया से दूर रखने का मार्गदर्शन भी किया

इजराइली सेना ने कहा कि इजराइल और उसके सहयोगियों ने आने वाले अधिकांश प्रोजेक्टाइल को रोक दिया, जिसमें 12 लोगों के घायल होने और किसी की मौत नहीं होने की सूचना है, लेकिन हमले ने इजरायली जवाबी हमले की आशंकाओं को तेजी से बढ़ा दिया .इज़राइल के शीर्ष सहयोगी संयुक्त राज्य अमेरिका ने भी सावधानी और शांति का आग्रह किया. व्हाइट हाउस राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने बताया, हम इसे आगे बढ़ते हुए नहीं देखना चाहते . हम ईरान के साथ व्यापक युद्ध की उम्मीद नहीं कर रहे हैं .राष्ट्रपति जो बाइडन ने इज़राइल के लिए अमेरिकी समर्थन की पुष्टि की, लेकिन अपने सहयोगी को अपने आम प्रतिद्वंद्वी ईरान के खिलाफ सैन्य प्रतिक्रिया से दूर रखने का मार्गदर्शन भी किया.

### ईरान पर सैन्य अभियान शुरू कर सकता है इजरायल :अरब

**अबू धाबी, 15 अप्रैल ( वार्ता )** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ईरान के खिलाफ व्यापक सैन्य अभियान शुरू कर सकते हैं.एनबीसी न्यूज ने दो वरिष्ठ अरब अधिकारियों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में कहा कि श्री नेतन्याहू ईरान के इजरायल पर बड़े पैमाने पर ड्रोन और मिसाइल हमले के जवाब में युद्ध शुरू कर सकते हैं.आईडीएफ के आंकड़ों के अनुसार, शनिवार की रात, ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर ने इजरायली क्षेत्र पर अपने पहले हमले में इजरायल पर 300 से अधिक ड्रोन और मिसाइलें दागीं.यह हमला एक अप्रैल को दमिश्क में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर इज़रायल के हवाई हमले के जवाब में हुआ.इज़रायल रक्षा बलों के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने कहा कि इज़रायल ने सभी ड्रोन सहित ईरान द्वारा दागे गए 99 प्रतिशत हवाई लक्ष्यों को रोक दिया था.




# हमारा मिशन एनडीए 400 पार

## भाजपा के संकल्प पत्र पर बोले सीएम योगी

**लखनऊ, 15 अप्रैल.मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि देश का गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति ही भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र के चार आधार हैं। उन्होंने कहा ये संकल्प पत्र मोदी की गारंटी है, जिसमें हमने विकसित भारत बनाने की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक युद्ध की भी उद्घोषणा की है.**

उन्होंने यूपी में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए नया नारा देते हुए कहा कि 80 बनेगा आधार, एनडीए 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार.सीएम योगी पार्टी कार्यालय में मीडिया को संबोधित कर रहे थे.मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान शिल्पी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर कमलों से अपना संकल्प पत्र जारी किया है.इसकी पहली चार प्रतियां देश के चार सामाजिक स्तंभों का प्रतिनिधित्व करने वाली हैं.ये हैं गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी .उन्होंने कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक दल मात्र नहीं है, बल्कि यह भारत के विजन को मिशन मानकर प्रभावी ढंग से लागू करने के 140 करोड़ जनता की आकांक्षा बन चुकी है.आज देश का जो भी एंबीशन है वह पीएम मोदी का विजन बन चुका है और हमारे लिए वही मिशन है.

### मोदी की गारंटी इस संकल्प पत्र का आधार

सीएम योगी ने कहा कि संकल्प पत्र में मुफ्त राशन, आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना, आवास योजना सहित तमाम गरीब कल्याणकारी योजनाओं को जारी रखने और और उनके दायरे को बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है.संकल्प पत्र में नेशन फर्स्ट के भाव के साथ विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को दोहराया गया है.उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत काल का ये पहला चुनाव है, जिसमें आत्मनिर्भर और विकसित भारत की संकल्पना को लेकर चुनाव लड़ा जा रहा है.

# विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए करें भारी मतदान

**सहारनपुर/बिजनौर, 15 अप्रैल ( वार्ता ) हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और राष्ट्रीय लोकदल ( रालोद ) के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने श्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बना कर भारत के विकसित राष्ट्र के सपने को पूरा करने के लिये भारी मतदान की अपील की.**

श्री सैनी और श्री चौधरी ने सोमवार को सहारनपुर और बिजनौर में कैराना, सहारनपुर और बिजनौर लोकसभा संसदीय क्षेत्रों के तहत चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया.

कैराना से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप चौधरी, सहारनपुर से भाजपा प्रत्याशी राघव लखनपाल शर्मा और बिजनौर से रालोद प्रत्याशी चंदन चौहान को जिताने की अपील की.दोनों नेताओं ने मतदाताओं से मतदान प्रतिशत बढ़ाने की पुरजोर अपील की.उन्होने कहा कि श्री मोदी के 400 पार के नारे के मूर्त रुप ज्यादा से ज्यादा मतदान करके ही साकार हो सकता है.

### जालंधर में बॉल बनाने की फैक्ट्री में लगी भीषण आग

**जालंधर 15 अप्रैल ( वार्ता )** पंजाब के जालंधर स्थित सर्जिकल कॉप्लेक्स में एक बॉल बनाने वाली एक फैक्टरी में सोमवारको भीषण आग लग गयी.आग लगने की सूचना मिलने पर दमकल विभाग की लगभग 24 गाड़ियों ने कड़ी मुशक्कत से आग पर काबू पाया.फैक्टरी में काम कर रहे लगभग 35 से 40 लोगों को फैक्ट्री से सुरक्षित बाहर निकाला गया, जिससे किसी प्रकार के मानवीय नुकसान नहीं हुआ.बताया जा रहा है कि फैक्टरी में बॉल बनाने का काम होता है.

# आतंकवादियों की तरह हो रहा व्यवहार

## तिहाड़ जेल में केजरीवाल से मुलाकात के बाद सीएम मान ने कहा

**नई दिल्ली, 15 अप्रैल. पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने तिहाड़ जेल में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सोमवार दोपहर में मुलाकात की.**

सीएम अरविंद केजरीवाल से मुलाकात के बाद पंजाब के सीएम भगवंत मान ने कहा, यह देखकर बहुत दुख हुआ कि उन्हें वे सुविधाएं नहीं मिल रही हैं, जो कट्टर अपराधियों को भी मिलती हैं.उनकी गलती क्या है? उनके साथ ऐसा व्यवहार किया जा रहा है मानो आपने देश के सबसे बड़े आतंकवादियों में से एक को पकड़ लिया हो.पीएम मोदी क्या चाहते हैं? अरविंद केजरीवाल जो कट्टर ईमानदार हैं, जिन्होंने पारदर्शिता की राजनीति शुरू की और भाजपा की राजनीति खत्म की.



मान ने कहा, जब मैंने पूछा कि वह कैसा काम कर रहे हैं तो उन्होंने कहा कि मेरे बारे में भूल जाओ, मुझे बताओ कि पंजाब में चीजें कैसे चल रही हैं? क्योंकि हम काम की राजनीति करते हैं .आप एक अनुशासित समूह है, हम सभी एक साथ हैं और खड़े हैं अरविंद केजरीवाल के साथ दृढ़ रहें .जब चार जून को नतीजे घोषित होंगे, तो आम आदमी पार्टी एक बड़ी राजनीतिक शक्ति के रूप में उभरेगी.

# कंगना ने दलाई लामा से की मुलाकात

## बोलीं- इस अनुभव को जीवन भर संजो कर रखूंगी

**शिमला,15 अप्रैल. मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा से मुलाकात की है.मुलाकात के बाद कंगना ने कहा कि ये एक ऐसा अनुभव था जिसे मैं जीवन भर संजोकर रखूंगी.**

मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने सोमवार को धर्मशाला में तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा से मुलाकात की.दलाई लामा से मिलने के बाद कंगना रनौत ने मीडिया से बातचीत में कहा कि यह दिव्य था.यह एक ऐसा अनुभव था जिसे मैं जीवन भर संजोकर रखूंगी.ऐसे व्यक्ति की उपस्थिति जिसके चारों ओर सरासर दिव्यता है, इसलिए यह मेरे और पूर्व सीएम (जयराम ठाकुर) के लिए बहुत भावनात्मक था.यह कुछ ऐसा है जिसे मैं जीवन भर संजोकर रखूंगी.कंगना रनौत मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा की प्रत्याशी हैं.



### भरमौर में कंगना ने सभा को किया संबोधित

मंडी संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आते जिला चंबा के भरमौर विधानसभा क्षेत्र के दौरे को लेकर कंगना ने कहा कि वह भरमौर जाने के लिए खासी उत्साहित हैं.कंगना ने कहा कि चंबा, हिमाचल प्रदेश का सबसे खूबसूरत स्थान है.भरमौर जो कि मेरे संसदीय क्षेत्र मंडी, जहां से मैं चुनाव लड़ रही हूं, भरमौर की उन्नति और तरक्की के लिए हम काम करेंगे.दलाई लामा से मिलने पहुंची कंगना को देखने के लिए तिब्बती समुदाय के लोगों की खासी भीड़ जमा थी.

### आज का इतिहास

1853 भारत में पहली रेल बम्बई से ठाणे के बीच चली.

1889 अपने बेहतरीन अभियान से दुनिया को हंसाने वाले चार्ली चैपलिन का जन्म.

1913 भारत के प्रसिद्ध चित्रकार के एच आरा का जन्म.

1917 पेट्रोग्राड में रूसी सैनिकों का विद्रोह, रूस में अस्थायी सरकार का गठन, जार निकोलस द्वितीय द्वारा सिंहासन एवं देश का त्याग.

1919 अमृतसर में हुए जालियांवाला बाग हत्याकांड में मरने वालों को श्रद्धांजलि देने के लिए महात्मा गांधी ने प्रार्थना सभा और उपवास की घोषणा की.

1919 भारतीय वायु सेना के सबसे वरिष्ठ और पांच सितारा वाले रैंक तक पहुँचने वाले एकमात्र मार्शल अर्जन सिंह का जन्म.

# नक्सलियों की सूचना देने पर लाखों का इनाम

## नक्सल ऑपरेशन को लेकर आम लोगों के लिए एक बड़ा ऑफर

**कबीरधाम, 15 अप्रैल. कबीरधाम पुलिस ने नक्सल ऑपरेशन को लेकर आम लोगों के लिए एक बड़ा ऑफर जारी किया है. इसमें कोई भी व्यक्ति पुलिस को नक्सलियों के बारे में सूचना देता है और एनकाउंटर में नक्सली मारे जाते हैं, तो उसे पांच लाख रुपये नगद इनाम और सरकारी नौकरी मिलेगी.इसे लेकर नक्सल प्रभावित क्षेत्र में पुलिस द्वारा पोस्टर चस्पा किया जा रहा है.**

आज सोमवार को जिले के विभिन्न जगह में पुलिस ने ग्रामीणों से नक्सलियों के संबंध में जानकारी देने के लिए अपील की है.



कबीरधाम एसपी डॉ. अभिषेक पल्लव ने बताया कि किसी भी व्यक्ति द्वारा नक्सलियों को पकड़वाया जाएगा या सूचना देने पर एनकाउंटर में नक्सली मारा जाएगा तो, सूचनाकर्ता को कबीरधाम पुलिस की ओर से पांच लाख रुपये दी जाएगी.साथ ही पुलिस विभाग में शासकीय नौकरी भी मिलेगी.कोई भी व्यक्ति नक्सलियों को सरेंडर भी कराता है तो उसे इनाम दिया जाएगा.

# आज से अमरनाथ यात्रा के लिए अग्रिम पंजीकरण शुरू

## भक्तों ने जयघोष लगाते हुए पंजीकरण हासिल किया

**जम्मू, 15 अप्रैल. वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए 15 अप्रैल, सोमवार से अग्रिम यात्री पंजीकरण शुरू हो गया है.आज सुबह ही भोले के भक्त जम्मू शहर के बैंक की विभिन्न शाखाओं में पंजीकरण कराने के लिए पहुंचना शुरू हो गए हैं.भोले के भक्तों ने जयघोष लगाते हुए पंजीकरण हासिल किया और खुशी-खुशी यात्रा की तैयारियों के लिए घर की ओर रवाना हुए.**

देशभर में जम्मू-कश्मीर बैंक, पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी), स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) और यस बैंक की 540 शाखाओं में अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीकरण करा सकते हैं.जम्मू-कश्मीर के लिए पीएनबी, एसबीआई और जेके बैंक की 21 शाखाओं में पंजीकरण प्रक्रिया होगी.पंजीकरण के लिए यात्री को स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र बनवाना अनिवार्य है.13 वर्ष से कम, 70 वर्ष से अधिक और छह हफ्ते की गर्भवती महिला को यात्रा के लिए अनुमति नहीं मिल पाएगी.

### तंजानिया में भारी बारिश से 58 लोगों की मौत

**दार एस सलाम, 15 अप्रैल ( वार्ता )** अफ्रीका के पूर्वी हिस्से में स्थित देश तंजानिया के 10 क्षेत्रों में हुई भारी बारिश के कारण में पिछले दो सप्ताहों में अचानक बाढ़ आने से कम से कम 58 लोग मारे गए.यह जानकारी एक अधिकारी ने सोमवार को दी. मुख्य सरकारी प्रवक्ता और सूचना सेवा के निदेशक, मोभारे मतिनयी ने पुलिस के हवाले से कहा कि पीड़ितों की मौत 01 अप्रैल से 13 अप्रैल के बीच हुई है. श्री मतिनयी ने बंदरगाह शहर दार एस सलाम में रविवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 58 मौतों में से 10 अरुशा क्षेत्र में, चार गीता में, दो दार एस सलाम में, पांच इरिंगा में, एक किलिमंजारो में, चार लिंडी में, छह म्बेया में, पांच मोरोगोरो में, 11 कोस्ट में और 10 रुकवा में हुई हैं.

# टुकड़े-टुकड़े गैंग को क्यों दिया गया टिकट

## कन्हैया को प्रत्याशी बनाने पर बोले मनोज तिवारी

**नई दिल्ली, 15 अप्रैल. भाजपा सांसद व प्रत्याशी मनोज तिवारी ने कहा, %कांग्रेस और आप जवाब दें कि आखिर टुकड़े-टुकड़े गैंग के प्रतीक कन्हैया कुमार को क्यों टिकट दिया.दिल्ली में अब लड़ाई सनातन और आराजक देश विरोधी ताकतों के बीच होगी.कन्हैया कुमार भारतीय सेना विरोधी हैं, देश की अखंडता के लिए खतरा हैं.कांग्रेस का असली चेहरा सामने आया है.**

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के छात्र नेता रहे कन्हैया कुमार को कांग्रेस ने दिल्ली के सत्ता संग्राम में उतारा है.कन्हैया उत्तर-पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट पर भाजपा के दो बार से सांसद मनोज तिवारी को टक्कर देंगे.

पूर्वांचल बहुल इस सीट पर पहली बार दो पूर्वांचलियों में आपस में मुकाबला होगा.दोनों प्रत्याशियों की अपनी-अपनी खासियतों की बदौलत पूरे देश व युवाओं में इस सीट को लेकर दिलचस्पी रहेगी.



### दोनों नेताओं की युवाओं में काफी पैठ है

दरअसल, दोनों नेताओं की युवाओं में काफी पैठ है.इस सीट पर विचारधारा की लड़ाई भी देखने को मिलेगी.कन्हैया पूर्वांचल के साथ वामपंथ विचारधारा के नेता हैं. वहीं, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से पढ़े मनोज तिवारी भाजपा की विचारधारा के साथ हैं और दो बार से सांसद हैं.पिछले चुनाव में उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को हराया था.अभी तक नई दिल्ली से दिवंगत सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज के भाजपा प्रत्याशी बनने से यह सीट आकर्षण का विषय थी, अब उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट पर भी रोचक मुकाबला देखने को मिलेगा.

### इधर-उधर

#### इंडोनेशिया में भूस्खलन से 19 लोगों की मौत

**जकार्ता.** मध्य इंडोनेशिया में भूस्खलन के बाद करीब 19 लोगों की मौत होने तथा दो लोगों के लापता हो जाने की रिपोर्ट हैं.स्थानीय आपदा एजेंसी के प्रमुख सुलेमान मालिया ने बताया कि दक्षिण सुलावेसी प्रांत के ताना तोराजा रीजेंसी में दक्षिण मकाले में चार और मकाले गांव में शनिवार को हुए भूस्खलन की चपेट में आकर 15 लोग अपन जान गंवा बैठे.बचाव दलों ने मलबे में फंसे दो लोगों को बचा लिया .अन्य पीड़ितों को बचाने के लिये बचाव अभियान जारी है. श्री मालिया ने बताया कि पिछले सप्ताह से ताना तोराजा और इसके आस-पास के इलाकों में अनवरत बारिश हो रही है.भारी बारिश के कारण पहाड़ी ढलानों पर स्थित आवासीय क्षेत्रों की मिट्टी बह गई, जिससे भूस्खलन हुआ.इसमें निवासियों के घर दब गये.उल्लेखनीय है कि इंडोनेशिया के कुछ स्थानों पर वनों की कटाई के कारण भारी बारिश के दौरान भूस्खलन का खतरा ज्यादा रहता है.यहां मूसलाधार बारिश के कारण द्वीपसमूह राष्ट्र के कुछ क्षेत्रों में बाढ़ आ गयी है.

#### म्यांमार में रॉकेट हमले में चार की मौत, 12 घायल

**यांगून.** मध्य म्यांमार के मांडले क्षेत्र के प्यिन ऊ ल्विन कस्बे में रॉकेट हमलों में चार लोगों की मौत हो गयी और अन्य 12 घायल हो गए.म्यांमार के राज्य प्रशासन परिषद की सूचना टीम ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि यह हमले रविवार रात मांडले क्षेत्र के प्यिन ऊ ल्विन कस्बे में हुए. हमलावरों ने प्यिन ऊ ल्विन जनरल अस्पताल के आर्थोपेडिक वार्ड, एक मठ और एक होटल सहित कई स्थानों को निशाना बनाकर 11 रॉकेट दागे.रिपोर्ट के मुताबिक मठ पर हुए हमले में दो बौद्ध भिक्षुओं सहित तीन लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया. वार्ड का एक स्थानीय निवासी भी मारा गया. प्यिन ऊ ल्विन जनरल अस्पताल में हुए हमलों के कारण बच्चों, मरीजों और स्टाफ सदस्यों सहित कुल 11 लोग घायल हो गए. घायलों का उपचार किया जा रहा है.रिपोर्ट के मुताबिक ये हमले गैर-सैन्य ठिकानों पर तब हुये, जब पारंपरिक थिंगयान जल उत्सव मनाया जा रहा था. आतंकवादियों ने सार्वजनिक शांति और स्थिरता को बाधित करने के इरादे से हमले किये, जो दुर्भावनापूर्ण कृत्य हैं.सूचना टीम ने कहा कि सुरक्षा बल ने अपराधियों का पता लगाने और उन्हें पकड़ने के लिए कार्रवाई तेज कर दी है.

#### पापुआ न्यू गिनी के किम्बे में भूकंप के झटके

**न्यूयॉर्क.** पापुआ न्यू गिनी में 109 किमी पूर्वी दक्षिण पूर्वी क्षेत्र किम्बे में भूकंप के झटके महसूस किए गए है.अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने कहा कि रविवार को 20.56.29 ग्रीनविच मीन टाइम (जीएमटी) पर आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.5 मापी गयी है.भूकंप का केंद्र,5.85 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 151.08 डिग्री पूर्वी देशांतर पर 64.7 किमी की गहराई पर निर्धारित था.

#### इजरायल ने ब्रिटेन, फ्रांस से ईरान पर प्रतिबंध लगाने कहा

**यरूशलेम.** इजरायल के विदेश मंत्री इजरायल काट्ज ने ब्रिटेन और फ्रांस में अपने समकक्षों से बातचीत के बाद कहा कि यरूशलेम चाहता है कि उसके सहयोगी ब्रिटेन और फ्रांस ईरान के मिसाइल कार्यक्रम पर गंभीर प्रतिबंध लगाकर उसे कमजोर करने में मदद करें.काट्ज ने कहा,मैंने उनसे कहा- अब समय आ गया है कि आप ईरानी शासन को कमजोर करें, इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर को एक आतंकवादी संगठन के रूप में प्रतिबंधित करें और ईरानी मिसाइल परियोजना पर कठोर प्रतिबंध लगाएं.

# प्रदेश के मैदानी इलाकों में बारिश और तेज हवाएं जारी

## कुपवाड़ा और गांदरबल के ऊंचाई वाले इलाकों में हिमस्खलन की चेतावनी

**जम्मू कश्मीर, 15 अप्रैल. जम्मू-कश्मीर आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ( जेकेडीएमए ) ने कश्मीर घाटी के दो जिलों कुपवाड़ा और गांदरबल के ऊंचाई वाले इलाकों में हिमस्खलन की चेतावनी जारी की.मौसम विभाग के अनुसार 17 अप्रैल तक प्रदेश के अधिकतर स्थानों पर बारिश हो सकती है.**

उधर, पुंछ-राजोरी को शोपियां से जोड़ने वाले मुगल रोड को बर्फबारी के कारण अगले आदेश तक बंद कर दिया गया.किश्तवाड़ जिले में दिन भी बारिश होती रही.सिंथन टॉप के साथ पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी हुई है.किश्तवाड़-अनंतनाग हाईवे बंद कर दिया गया, ताकि सिंथन टॉप पर बर्फ के बीच कोई वाहन या यात्री न फंसे.जम्मू में रविवार को अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जोकि शनिवार से तीन डिग्री कम है. श्रीनगर में अधिकतम तापमान 11.5 डिग्री.श्रीनगर में शनिवार को 20 डिग्री तक तापमान पहुंच गया था.पूरे प्रदेश में रविवार को आसमान में बादल छाए रहे.



राजोरी, पुंछ और श्रीनगर जिले में शनिवार रात से ही लगातार बारिश हो रही है.पीर पंजाल के पहाड़ों पर भी बारिश हुई.

### पहाड़ों पर बर्फबारी से तापमान में गिरावट

शिमला. हिमाचल प्रदेश की ऊंची पहाड़ियों पर बर्फबारी हो रही है.ऐसे में प्रदेश में मौसम ठंडा बना हुआ है.राज्य में मौसम विभाग ने सोमवार के लिए भारी बारिश, अंधड़ और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है.फिर एक दिन मौसम साफ रहने के बाद 18 अप्रैल से फिर बारिश-बर्फबारी की संभावना है.हिमाचल प्रदेश में रविवार को मौसम कूल-कूल रहा.रोहतांग, कोकसर, धर्मशाला में धौलाधार समेत प्रदेश की ऊंची चोटियों पर बर्फबारी का दौर जारी है.शिमला, कुल्लू, चंबा समेत निचले इलाकों में हल्की बारिश और धर्मशाला में अंधड़ चला.राज्य में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम में बदलाव आया है.मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार सोमवार को भी प्रदेश में भारी बारिश, अंधड़ और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट है.16 अप्रैल को भी मौसम खराब बना रहेगा.17 को पूरे प्रदेश में मौसम साफ रहेगा, जबकि 18 अप्रैल से फिर बारिश-बर्फबारी के आसार हैं.19 और 20 अप्रैल को फिर येलो अलर्ट जारी किया गया है.